कोटद्वार, शनिवार
9 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 219 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# प्रधानमंत्री ने "उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023"का किया उद्घाटन

**●पुस्तक – सशक्त उत्तराखंड के विमोचन के साथ ही और ब्रांडहाउस ऑफ हिमालयाज लांच किया●–उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है जहां हम दिव्यता और विकास दोनों को एक साथ अनुभव करते है● –आकांक्षी भारत अस्थिरता की बजाय स्थिर सरकार चाहता है● –उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार एक दूसरे के प्रयासों को बढ़ा रहे हैं● –मेक इन इंडिया की तर्ज पर वेड इन इंडिया आंदोलन शुरू करें●–हाउस ऑफ हिमालयाज वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल की हमारी अवधारणा को और मजबूत करता है●–यही समय है, सही समय है। यह भारत का समय हैः प्रधानमंत्री**

देहरादून। प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी ने आज वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया।मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और ग्राउंड ब्रेकिंग वॉल का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सशक्त उत्तराखंड पुस्तक और ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज भी लॉन्च किया। शिखर सम्मेलन का विषय शांति से समृद्धि है।सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड में होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक होने के बारे में अपने कथन को याद किया।मोदी ने कहा कि यह संतोष की बात है कि यह कथन जमीन पर साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने सिलक्यारा में सुरंग से श्रमिकों के सफल बचाव मिशन में शामिल राज्य सरकार और सभी लोगों की सराहना की।

उत्तराखंड के साथ अपने घनिष्ठ संबंध को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है जहां दिव्यता और विकास एक साथ महसूस होता है। प्रधानमंत्री ने इस भावना को और विस्तार देने के लिए अपनी एक कविता सुनाई। इस अवसर पर उपस्थित निवेशकों को उद्योग के दिग्गजों के रूप में संदर्भित करते हुए, प्रधान मंत्री ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए रहडळ विश्लेषण की उपमा दी और राष्ट्र पर इस अभ्यास को करने पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रहडळ विश्लेषण के परिणाम देश में आकांक्षाओं, आशा, आत्मविश्वास, नवाचार और अवसरों की प्रचुरता का संकेत देंगे। उन्होंने नीति–संचालित शासन के संकेतकों और राजनीतिक स्थिरता के लिए नागरिकों के संकल्प का भी उल्लेख किया। प्रधान मंत्री ने हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लआकांक्षी भारत, अस्थिरता के बजाय एक स्थिर सरकार चाहता हैह्ल और रेखांकित किया कि लोगों ने सुशासन और उसके ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर मतदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड महामारी और अस्थिर भू–राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ने की देश की क्षमता पर प्रकाश डाला। प्रधान मंत्री ने टिप्पणी की, चाहे वह कोरोना वैक्सीन हो या आर्थिक नीतियां, भारत को अपनी क्षमताओं और नीतियों पर भरोसा था। परिणामस्वरूप, दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत आगे खड़ा है।




उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सहित भारत का हर राज्य इस ताकत का लाभ उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने डबल इंजन सरकार के लाभों को दोहराया जिसके दोहरे प्रयास हर जगह दिखाई दे रहे हैं। राज्य सरकार जहां स्थानीय वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है, वहीं भारत सरकार उत्तराखंड में अभूतपूर्व निवेश कर रही है। सरकार के दोनों स्तर एक–दूसरे के प्रयासों को बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण इलाकों से चारधाम तक जाने के काम का जिक्रकरते हुए कहा कि वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली–देहरादून के बीच की दूरी ढाई घंटे की रह जायेगी। देहरादून और पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार से हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी। प्रदेश में हेली–टैक्सी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। यह सब कृषि, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, भंडारण, पर्यटन और आतिथ्य के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है।सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित स्थानों तक सीमित पहुंच प्रदान करने वाली पिछली सरकारों के दृष्टिकोण का खंडन करते हुए, प्रधान मंत्री ने उन्हें देश के पहले गांव के रूप में विकसित करने के लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का उल्लेख किया जहां उन गांवों और क्षेत्रों पर जोर दिया जा रहा है जो विकास मानकों में पीछे हैं।मोदी ने उत्तराखंड की अप्रयुक्त क्षमता पर प्रकाश डाला और निवेशकों से इसका अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया।उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए, जिसे डबल इंजन सरकार का लाभ मिला है, प्रधानमंत्री ने भारत के दौरे के लिए देश के साथ–साथ दुनिया भर के लोगों के उत्साह पर भी ध्यान दिया। उन्होंने पर्यटकों को प्रकृति के साथ–साथ भारत की विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से थीम आधारित पर्यटन सर्किट बनाने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि प्रकृति, संस्कृति और विरासत को अपने में समेटे उत्तराखंड एक ब्रांड के रूप में उभरने जा रहा है। उन्होंने निवेशकों से योग, आयुर्वेद, तीर्थ और साहसिक खेल क्षेत्रों में अवसर तलाशने और पैदा करने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने देश के अमीरों, संपन्न लोगों और युवाओं से मेक इन इंडिया की तर्ज पर ह्लवेड इन इंडिया आंदोलन शुरू करने की अपील की. उन्होंने उनसे अगले पांच वर्षों में उत्तराखंड में कम से कम एक विवाह समारोह आयोजित करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने किसी भी संकल्प को हासिल करने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लअगर उत्तराखंड में एक साल में 5000 शादियां भी होती हैं, तो एक नया बुनियादी ढांचा तैयार हो जाएगा और राज्य को दुनिया के लिए एक विवाह स्थल में बदल देगा।

## 400 जवानों की सुरक्षा में होंगे अमित शाह




### जानकी सेतु बंद, परमार्थ घाट पर भी रहेगी पाबंदी

ऋषिकेश। गृहमंत्री अमित शाह के परमार्थ निकेतन आश्रम की गंगा आरती में आगमन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने तैनात पुलिसकर्मियों को हरवक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। ड्यूटी में जरा भी लापरवाही पर उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शनिवार की शाम गृहमंत्री अमित शाह हेलीकाप्टर से स्वर्गाश्रम पहुंचेंगे। इससे पहले दोपहर करीब दो बजे से शाम सात बजे तक जानकी सेतु पर आवाजाही रोक दी जाएगी। लोगों को इस बीच झूलापुल से पैदल गुजरने की भी इजाजत नहीं होगी। आरती स्थल को भी आयोजन के दौरान आम लोगों के लिए प्रतिबंधित रखा जाएगा। पैदल यात्री रामझूला पुल से तपोवन–स्वर्गाश्रम में आ–जा सकेंगे। वाहनों के लिए गरूड़चट्टी से आवाजाही होगी। गंगा आरती में शामिल होने के लिए सैलानी व स्थानीय लोग गीता भवन और वानप्रस्थ भवन की आरती व अन्य स्थलों में शामिल हो सकेंगे।

ऋषिकेश। स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए हैं। आयोजन स्थल और आसपास करीब 400 पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनात की गई है। इनमें जल पुलिस, एसडीआरएफ व अन्य कई तरह के सुरक्षा एजेंसी से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। शुक्रवार को एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने परमार्थ आश्रम में एसएसपी टिहरी नवनीत भुल्लर के साथ पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों और जवानों को ड्यूटी से अवगत कराया। ड्यूटी पर मोबाइल यूज नहीं करने के लिए कहा। संदिग्ध पर नजर रखते हुए उनकी धरपकड़ के निर्देश दिए। कार्यक्रम के तीन घंटे पहले ही संबंधित ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचने को कहा। मौके पर एसपी चमोल रेखा यादव, एएसपी जया बलोनी, जोधराम जोशी, चंद्र मोहन सिंह, वीर सिंह, अनूप काला, एसडीएम यमकेश्वर स्मिता परमार, सीओ पौड़ी श्यामदत्त नौटियाल, विभव सैनी आदि मौजूद रहे।

## नहीं रहे मोहन सिंह रावत गांववासी



देहरादून। उत्तराखंड की पहली सरकार के पूर्व पंचायती राज मंत्री रहे मोहन सिंह रावत गांववासी का दून के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कई सालों से गंभीर रुप से बीमार चल रहे थे। उन्हें करीब एक हफ्ते से वेंटीलेटर पर रखा गया था। 19 नवंबर को कमजोरी व ह्दय में समस्या के कारण उन्हें कैलाश अस्पताल लाया गया था। उनकी पत्नी मुन्नी देवी अंतिम समय में उनके साथ थी। दो दिन पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी अस्पताल पहुंचकर गांववासी के परिजनों से उनके स्वाथ्य का हालचाल लिया था। गांववासी का इलाज इससे पहले ऋषिकेश के एम्स में भी चल रहा था लेकिन वहां की व्यवस्था पर सवाल उठाने के बाद उसी रात उन्होंने अस्पताल छोड़ दिया। इसके लिए गांववासी ने ऋषिकेश में प्रेसवार्ता भी की थी। इसके वह जौलीग्रांट में भी भर्ती रहे। कैलाश अस्पताल के प्रबंधन ने उनके निधन की पुष्टि की है।

## वक्फ कानून खत्म करने के लिए निजी बिल चर्चा के लिए स्वीकार

**❑ कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने किया जमकर विरोध**



नई दिल्ली। वक्फ एक्ट 1995 को समाप्त करने के लिए भाजपा के राज्यसभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव की ओर से पेश किए गए एक निजी विधेयक पर विपक्षी सदस्यों ने काफी शोरशराबा किया। आखिरकार वोटिंग के बाद इसे चर्चा के लिए स्वीकार कर लिया गया। इस पर आगे चर्चा होगी।

शुक्रवार को हरनाथ सिंह यादव ने इस बिल को पेश करते हुए कहा कि वक्फ एक्ट 1995 लोकतंत्र के प्रतिकूल है और यह देश की तमाम विधि व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है, इसलिए देश हित में इसे समाप्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों– माकपा, भाकपा, एनसीपी, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और राजद के सदस्यों ने इसका विरोध करते हुए भाजपा पर ध्रुवीकरण तथा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया।


कांग्रेस ने की तत्काल वोटिंग की मांग कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस पर तत्काल वोटिंग की मांग, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ नियमों का हवाला देकर बिल का विरोध करने वाले सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका दिया। इसके बाद बिल पर हुए मतविभाजन में परिणाम बिल के समर्थन के रूप में सामने आया।

**बिल के विरोध म ें कितने मत पड़े?**

बिल को स्वीकार करने के पक्ष में 53 और विरोध में 32 मत पड़े। इस दौरान धनखड़ और जयराम रमेश के बीच नोंकझोंक भी हुई। सभापति ने जयराम से कहा कि यह मछली बाजार नहीं है। वह चाहें तो सदन के संचालन के लिए उनकी सीट ले सकते हैं।

## न्यू ईयर इव के लिए तैयार है नैनीताल, होटलों में 60% एडवांस बुकिंग





नैनीताल। सरोवर नगरी में नववर्ष पर आने वाले सैलानियों से नगर के बड़े होटल 60 से 80 प्रतिशत अभी से बुक हो गए हैं। क्रिसमस में भी 30 प्रतिशत से अधिक बुकिंग हो चुकी है। होटलों ने दो से तीन रात्रि पैकेज में मनोरंजन कार्यक्रम शामिल किए हैं।

इस बार थर्टी फर्स्ट के जश्न के साथ नववर्ष का स्वागत को लेकर होटल संचालकों में उत्साह है। गीत–संगीत के साथ विविध कार्यक्रमों को लेकर होटल कारोबारियों ने पैकेज प्लान किए हैं। क्रिसमस को लेकर होटलों समेत नगर के ऐतिहासिक गिरजाघरों में कार्यक्रम अभी से शुरू हो चुके हैं।

**न्यू ईयर के लिए बुक हुए होटल**

थर्टी फर्स्ट पर होटलों ने दो से तीन रात्रि पैकेज निर्धारित किए हैं। शेरवानी हिलटॉप एडवांस में बुक हो चुका है, जबकि नैनी रिट्रीट में 80, स्विस होटल 40 व विक्रम विंटेज 50 प्रतिशत बुकिंग हो चुकी है। इसके अलावा अन्य होटलों में भी कमरे बुक होने लगे हैं। इधर क्रिसमस पर भी लगभग 40 प्रतिशत कमरे बुक हो चुके हैं। क्रिसमस पर प्रतिष्ठित होटल नगर ने शोभायात्रा निकालेंगे। साथ ही गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**नववर्ष पर होंगे ये कार्यक्रम**

नगर के बड़े होटलों में 30 दिसंबर से कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। थर्टी फर्स्ट के लिए अलग–अलग थीम पर होटल सज रहे हैं। दिल्ली, मुंबई समेत स्थानीय गायक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कपल डांस, चेयर म्यूजिक, डीजे व बोर्न फायर आयोजित किए जाएंगे। कुमाऊंनी व्यंजन के साथ गाला डिनर में स्वादिष्ट भोजन परोसे जाएंगे। कुछ होटलों में कुमाऊंनी लोकगीत व छोलिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा।

**सजेगा शहर नैनीताल**

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन पूर्व की भांति बिजली की लड़ियों से नगर को सजाएगा। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नगर की सजावट बेहद जरूरी है। नगर के अनेक होटल अपने गेस्ट के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## उच्चायोग ने जारी किया 104 वीजा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भगवान शिव के अवतारी माने जाने वाले सतगुरु संत शादाराम साहिब की 315वीं जयंती समारोह में शामिल होने के लिए जाने वाले 104 भारतीय हिंदू तीर्थयात्रियों को नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने वीजा जारी किया है। उच्चायोग ने अपने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है।

### 12 से 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा जन्मोत्सव

मालूम हो कि शिव अवतारी सतगुरु संत शदाराम साहिब का जन्मोत्सव 12 से 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा। वहीं, वीजा जारी करने के बाद इसके प्रभारी ऐजाज खान ने पाकिस्तान जाने वाले सभी तीर्थयात्रियों को हार्दिक बधाई दी और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की।

### दोनों देशों के बीच समझौते के तहत होती है यात्रा

उच्चायोग ने अपने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच साल 1974 के धार्मिक तीर्थ स्थलों की यात्रा प्रोटोकॉल के तहत भारत से हजारों सिख और हिंदू तीर्थयात्री हर साल विभिन्न धार्मिक त्योहारों और अवसरों में शामिल होने के लिए पाकिस्तान जाते हैं।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM (CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## सीएम धामी ने की भारत के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भारत के प्रथम सी डी एस जनरल बिपिन रावत की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर देहरादून के कनक चौक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर मुख्यमंत्रीधामी ने कहा कि देश के प्रथम रक्षा प्रमुख, उत्तराखंड के वीर सपूत जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने चार दशकों तक मातृभूमि की रक्षा मे निस्वार्थ सेवा की उन्हें सदैव असाधारण वीरता तथा साहस के लिए याद किया जाएगा।

स अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिको से मुलाक़ात की तथा उनसे बातचीत की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्रीगणेश जोशी भी उपस्थित रहे ।

## रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र—छात्राओं ने जमाया रंग

ऋषिकेश। डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए योग की महत्ता, सनातन की विशेषता सहित विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। वार्षिकोत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। शुक्रवार को डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर रविंद्रपुरी महाराज एवं महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद महाराज ने दीप जलाकर किया। महामंडलेश्वर रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का होना बेहद जरूरी है। जयराम आश्रम के अध्यक्ष व विद्यालय प्रमुख ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को बेहतर व संस्कारवान शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे खेल से लेकर शिक्षा तक बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में छात्र—छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कक्षा एक के छात्र—छात्राओं ने कार्टून के माध्यम से एक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 2 के बच्चों ने पाश्चात्य मेडले के साथ एक सामाजिक संदेश दिया। छात्र—छात्राओं ने कृष्ण रास को कत्थक के साथ सबके समक्ष प्रस्तुत किया। कक्षा तीन के बच्चों ने जंगल बुक पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चार के बच्चो ने दानवीर कर्ण पर नाटक प्रस्तुत कर उनकी दानवीरता, पराक्रम एवं शौर्य को दर्शाया। कक्षा 5 के छात्र—छात्राओं ने प्रस्तुति के जरिए पंचतत्व की महत्ता को दर्शाया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने योग कलाओं के साथ नृत्य व संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा। नन्हें बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियों के चलते पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

## जंगल से बनाया जाए कूड़ा निस्तारण केंद्र का रास्ता

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की। उन्होंने लालपानी बीट में कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए जाने वाले मार्ग को ग्रामीण क्षेत्र की बजाए जंगल से बनाए जाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को मंसादेवी रूषा फार्म और अमितग्राम के लोगों ने बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। क्षेत्रवासियों ने लालपानी बीट में बन रहे ट्रंचिंग ग्राउंड की समस्या रखी। जिसके बाद मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू से फोन पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि गोविंद नगर में वर्षों से पड़े कूड़े का निस्तारण किया जाना उचित है। मगर, अन्य जगह भी लोगों को परेशानी न हो, इसका ख्याल भी रखना आवश्यक है।



उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल लालपानी बीट में कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए जाने का मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्ग की बजाए जंगल से होकर बनाया जाए। इस संबंध में जल्द बैठक कर समाधान निकाला जाए। जिससे स्थानीयों की समस्याओं का भी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि लालपानी बीट में कूड़ा निस्तारण केंद्र को लेकर कुछ तथाकथित लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं।

## स्लोगन में अंजलि व पोस्टर में प्रियंका रही अव्वल

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में सम्मान समारोह हुआ। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय परिषद द्वारा करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्लोगन में अंजलि और पोस्टर में प्रियंका ने बाजी मारी। शुक्रवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें परिसर के निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय परिषद द्वारा आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के जरिए छात्रों की प्रतिभा में निखार आता है, सभी को इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पांजलि आर्य ने बताया कि बीते दिनों विभाग के छात्र—छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता में अंजलि, प्रियंका ठाकुर व शिवानी यादव, पोस्टर



प्रतियोगिता में प्रियंका ठाकुर, सानिया रानी व एकता रावत, निबंध प्रतियोगिता में सूरज कुमार मौर्य, सुधांशु गौड़ व रश्मि जायसवाल, भाषण प्रतियोगिता में अभिनव गुप्ता, सिमरन अरोड़ा व रेनू चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर डॉ. विवेक नैथानी, शिवानी जाटव, अंजू सैनी, वर्तिका, पूजा वर्मा, प्रतिभा पांडे, करिश्मा, जगदीश, अनुराग ध्यानी, रेनू, जॉनी, सुषमा, पीयूष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. पांडेय बोले मिलेट्स पौष्टिक तत्वों से भरपूर

चमोली : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में एनसीसी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. के.एल. तलवाड़ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं द्वारा मिलेट्स यानि मोटे अनाज की उपयोगिता एवं इसके महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डा. इंद्रेश कुमार पांडेय सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान ने बताया कि मिलेट्स पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं, इसके साथ ही मिलेट्स क्लाइमेट चेंज को रोकने में भी सहायक हैं। डा. हरीश बहुगुणा सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने कहा कि मिलेट्स वर्तमान परिस्थितियों में पलायन को रोकने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में सहायक हैं। नेशनल राष्ट्रीय कैडेट कोर के सहयोगी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. वाई.सी. नैनवाल ने इस अवसर पर कहा कि मिलेट्स शुगर, रक्तचाप एवं कान्सटीपेशन जैसी बीमारियों को रोकने में विशेष लाभकारी हैं। प्राचार्य ने विषय विशेषज्ञों एवं उपस्थित प्राध्यापकों का आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत ही सूक्ष्म अंतराल में हमने मिलेट्स पर एक सफल कार्यशाला का आयोजन किया है, जिसके लिए सम्पूर्ण महाविद्यालय बधाई का पात्र है।



## लंढौरा में विधायक उमेश के खिलाफ प्रदर्शन

रुड़की। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के समर्थकों ने कथित वायरल वीडियो को लेकर खानपुर विधायक उमेश शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाद में विधायक का पुतला फूंक कर विरोध जताया। शुक्रवार को लोग लंढौरा बस अड्डे पर एकत्र हुए और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनाव के दौरान समाज के लोगों को विधायक के बारे में बताया जाएगा।

### एक नजर

### उत्तरांचल विवि में छात्रों ने जारी डेटा एनालिसिस की बारीकियां

देहरादून। उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस डेटा एनालिटिक्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने डेटा एनालिसिस की बारीकियां जानी। ताकि वे डेटा एनालिटिक्स के इस गतिशील क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों, चुनौतियों और अवसरों की खोज कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत, विवि के कुलाधिपति डा. जितेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष डा. सतवीर सिंह,कुपलित डा. धर्मबुद्धि,अतिथि प्रो. (डॉ.) अनीता रावत निदेशक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्तरांचल कालेज आफ कंप्यूटर साइंस की डीन डा. सोनल शर्मा ने बताया कि बिजनेस डेटा एनालिटिक्स समकालीन व्यापार परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी के रूप में उभरा है। जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में एक आदर्श बदलाव को बढ़ावा देगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए बड़ी संख्या में लेख प्राप्त हुए हैं और चयनित लेख प्रकाशन भागीदार स्प्रिंगर को भेजे जाएंगे और बाद में स्कोपस इंडेक्स में शामिल करने के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रो. अनीता रावत ने बिजनेस डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग को रेखांकित किया साथ ही स्थिरता और गोपनीयता से संबंधित मुद्दों का सामना करने की अनिवार्यता पर जोर दिया। प्रो. धर्म बुद्धि ने सम्मेलन में युवा प्रतिभागियों को बिजनेस डेटा एनालिटिक्स और इसकी प्रस्तुति में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### उज्ज्वला योजना से जुड़ी 208 महिलाएं

देहरादून। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को बनियावाला आर्केडिया ग्रांट और यमुना कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निशुल्क चिकित्सा शिविर में 336 लोगों ने अपना चेक अप करवाया। 208 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, 12 महिलाओं को बाल विकास परियोजना, 30 लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, 25 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ा गया। इस दौरान बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों ने विकसित भारत बनाने की शपथ भी ली।

## अस्पताल में भर्ती स्वतंत्रता सेनानी की उपेक्षा पर जताई नाराजगी

देहरादून। दून अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में 25 नवंबर से भर्ती उत्तरकाशी जिले के 100 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रिका लाल की उपेक्षा पर उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ ने नाराजगी जताई है। प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री अवधेश पंत ने कहा कि इस उपेक्षा पर सेनानी परिवार खुद को अपमानित महसूस कर रहा है। सरकार के शासनादेश द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को विशेष श्रेणी की सुविधा के साथ प्राइवेट वार्ड में रखा जाता है। किंतु शासनादेश की अनदेखी करना चिंताजनक है। अस्पताल प्रशासन पर भी सवाल उठता है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रिका लाल की सेहत व इलाज के विषय में जानकारी लेने स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के सेनानी अस्पताल पहुंचे तो वहां की उपेक्षा देखकर दंग रह गए। अवधेश पंत ने अस्पताल के सीएमएस डॉ.आशुतोष सयाणा को इस विषय की जानकारी दी तो उन्होंने तत्काल प्रबंध का आश्वासन दिया। अवधेश पंत ने कहा कि यदि शीघ्र ही यथोचित सम्मान के साथ चंद्रिका लाल को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं न दी गई तो स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण महरा भी स्वतंत्रता सेनानी का हाल—चाल जानने दून अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने भी अस्पताल प्रशासन पर चंद्रिका लाल को यथोचित प्रबंध का आग्रह किया। लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। 12 दिन बाद भी शासन प्रशासन का कोई नुमाइंदा चंद्रिका लाल का हाल—चाल जानने नहीं पहुंचा है।

### ग्रामीणों ने सीखें आपदा से निपटने के गुर

टिहरी : जनपद के ब्लॉक भिलंगना के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंथवाल गांव में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के कार्मिकों ने आपदा का प्रशिक्षण देते हुए आपदा से निपटने के अहम गुर 90 से अधिक लोगों को सिखाये। इस दौरान आपदा में सजग रहने की जानकारी देते हुए आपातकालीन नंबरों का समय पर उपयोग व सुरक्षित स्थानों को पहचानने की जानकारी दी।आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग की मदद से दिया जा रहा है। ताकि आपदा में लोग बेहतर बचाव कर सकें। इसी क्रम में शुक्रवार को राउमा विद्यालय में आपदा प्रबंधन विभाग ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सहित 90 लोगों को आपदा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दी गई।

## धीरवाली व्यापार मंडल के प्रवीण अध्यक्ष और विपिन बने महामंत्री

हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मण्डल की एक बैठक ज्वालापुर रेलवे फाटक स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से धीरवाली व्यापार मण्डल का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय, महामंत्री विपिन कश्यप, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार को बनाया गया। वहीं संरक्षक कुलदीप सैनी, उपाध्यक्ष पद पर भगत सिंह व सचिव अमित त्यागी को मनोनित किया। साथ ही बैठक में व्यापारियों पॉड टैक्सी और कॉरिडोर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलने का निर्णय लिया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रिय, जिलाध्यक्ष विनीत धीमान, जिला महामंत्री भारत तलुजा, जिला उपाध्यक्ष विशाल माथुर, शहर अध्यक्ष हरविंदर सिंह, महामंत्री मृत्युंजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अर्पण ग्रोवर, रेलवे



रोड व्यापार मण्डल अध्यक अजय अरोड़ा, उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा व शहर उपाध्यक्ष जेके जिन्दल उपस्तिथ रहे।



## बाजरे का बताया महत्व

रुड़की। एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी आर रमेश के निर्देश पर सर्वज्ञ पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज योजना के तहत पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाचार्य विकास भाटिया ने कैडेटों को मिलेट्स के फायदे बताए। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए बाजरे का उपयोग जरूरी है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन धर्म सिंह, रेणु देवी तथा सभी कैडेट उपस्थित रहे।

### आग से भवन और सेब के पेड़ों को नुकसान

उत्तरकाशी : मोरी ब्लॉक के जखोल गांव के बायकूला तोक में शुक्रवार सुबह एक आवासीय भवन में अचानक आग लग गई। इससे भवन पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग से सेब के पेड़ो को भी नुकसान पहुंचा है। राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन कर रही है। आग लगने का कारण सार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

गोबिंद वन्य जीव विहार पार्क क्षेत्र के जखोल गांव के बायकूल तोक में सूरत सिंह रावत पुत्र महिपाल सिंह का आवासीय भवन है। शुक्रवार सुबह मकान में आचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग ज्यादा फैल गई और मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

## ग्रामीणों ने ली विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ

चमोली : देवाल के सवाड, थराली के सुनाऊ मल्ला, नारायणबगड के बैनोली, गैरसेंण के लखेडी, कर्णप्रयाग के मजखोला, पोखरी के मसोली, नन्दानगर के सरपाणी तथा जोशीमठ के लांमबगड में संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं के छूटे हुए लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गयी। इस दौरान शिविर में 5 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और पीएम किसान सम्मान के 6, पीएम आवास के 18 तथा उज्ज्वला के 4 भरे



गए। आगामी 10 नवम्बर को थराली के तलवाडी स्टेट व सेरा विजयपुर, नारायणबगड के गडसीरा व भगोती, पोखरी के उत्तरों व गिरसा, कर्णप्रयाग के झिरकोटी, कांडा, भटोली लगा गैरोली, नन्दानगर के फाली व बिजार, गैरसेंण के सुमेरपुर, भलसों व आगर तथा दशोली के खेनुडी व गोलिम में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## 2017 में औद्योगिक विकास के लिए शुरू की गई आई0डी0एस0 (इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्कीम) का क्या हुआ? : करन

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर देहरादून में गतिमान इन्वेस्टर समिट के लिए राज्य सरकार को शुभकामनाएं देते हुए कुछ सवाल किए। माहरा ने कहा कि 2017 में भारत सरकार द्वारा हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, में औद्योगिक विकास के लिए आई0डी0एस0 स्कीम लॉन्च की गयी, आई0डी0एस0 यानी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्कीम लॉन्च की गयी। इस स्कीम के तहत उपरोक्त राज्यों में निवेश करने वाले उद्योगों को भारत सरकार की और से 30 प्रतिशत सब्सिडी देने की बात कही गयी। माहरा ने कहा कि ये दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि इतनी लाभकारी स्कीम ने 4 वर्षो में ही दम तोड़ दिया और 2021 में समाप्त कर दी गयी, जबकि वादा 5 वर्षो यानी 2022 तक के लिए था। इस स्कीम के तहत उत्तराखण्ड को जो राशि तय की गई थी उसमें से मात्र 1100 करोड़ ही अतिथि तक प्राप्त हो पाया है उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी का 5 हजार करोड़ भारत सरकार पर अभी भी बकाया हैं। माहरा ने कहा कि ये जहॉ एक और भारत सरकार का निवेशकों के साथ छल को उजागर करता है वहीं दूसरी और उत्तराखण्ड की उद्योग नीति पर भी बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता है।माहरा ने राज्य सरकार को याद दिलाते हुए कहा कि कुछ समय पहलें त्रिवेन्द्र सरकार ने जिस तर्ज पर 2019 के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए इन्वेस्टर समिट किया था जिसका नतीजा शून्य ही निकला 2023 का इन्वेस्टर समिट भी उसी का रैप्लिका दिखाई पड़ता है। 2018 में हुए इन्वेस्टर समिट के लिए भी रातों रात सड़को के किनारे खजूर के पेड़ लगा दिए गए थे उसी तरह इस बार उत्तराखण्ड की सड़कों पर गेंदा उगा दिया गया है। माहरा ने कहा कि राज्य सरकार में इन्वेस्टर समिट के मध्यनजर 38 करोड़ से वॉल पेन्टिग, 22 करोड़ से लैंड स्केपिंग और 18 करोड़ की लागत से दुकानों पर भगवा बोर्ड लगाने पर खर्च कर दिए हैं। माहरा ने आशंका जताई कि जितना पैसा पानी की तरह इस समिट के लिए बहाया जा रहा है उसकी भरपाई किस तरह से हो पायेगी। माहरा ने पिछले दिनों प्रेसवार्ता के माध्यम से जो चुनिंदा नुकीले सवाल इन्वेस्टर समिट को लेकर राज्य सरकार से पूछे उनको लेकर भाजपा प्रवक्ताओं और नेताओं ने चुप्पी साध ली है। माहरा के उन प्रश्नों का सरकार के पास कोई जवाब नही है। माहरा ने राज्य सरकार से पूछा था – 1.मैकेन्जी ग्रुप जो एक ब्लैक लिस्टेड कम्पनी है उसे 2 लाख 50 हजार रुपये प्रतिदिन किस मद से दिये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा दिसंबर 2022 में एक अमेरिकन कम्पनी मैकेन्जी ग्रुप के साथ इस तहत अनुबन्ध किया गया था कि वह राज्य की जीडीपी में बड़ा सुधार करेगी एवं राज्य सरकार को कर्ज मुक्त करने की तरफ कदम बढाएगी। माहरा ने पूछ कि सालाना 80करोड़ रूपये देकर जो कम्पनी हायर की गयी आज लगभग एक साल बीत जाने के बाद राज्य उससे कितना लाभान्वित हुआ?

2. पंडित नारायण दत्त तिवारी जी के शासन में बिना इन्वेस्टर्स मीट के प्रदेशभर में सिडकुल के तहत देहरादून के सेलाकुई, हरिद्वार के रोशनाबाद, पथरी, भगवानपुर, उधमसिंह नगर के रुद्रपुर, सितारगंज आदि क्षेत्रों में छोटे–बडे 2000 उद्योग स्थापित किये गये। सरकार बताये कि उनमें से कितने अब तक पलायन कर गये?

3. पंडित नारायण दत्त तिवारी जी के शासन में स्थानीय बेरोजगारों के लिए स्थापित उद्योगों में 70 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई थी जिसे भाजपा सरकार ने समाप्त कर दिया है। इसके विपरीत एम्स जैसे संस्थानों में दूसरे प्रदेशों के लोगों को रोजगार देकर स्थानीय बेरोजगारों के हक पर डाका क्यों डाला जा रहा है?

4. भाजपा सरकार द्वारा 2018 में कराये गये इन्वेस्टर्स सम्मिट में 125 हजार करोड़ के इन्वेस्ट का दावा किया गया था। उनमें से कितने धरातल पर उतर पाये? राज्य सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई से 7 लाख को रोजगार देने के बडे–बडे होर्डिंग बोर्ड लगाए थे, कितने बेरोजगारों को रोजगार मिला?

5. जो उद्योग पूर्व से स्थापित हैं तथा उनके कार्यालय दिल्ली, मुंबई, गाजियाबाद, नोएडा, गुड़गांव में हैं, उनसे एमओयू लंदन में क्यों हो रहे हैं?

6. 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करने तथा विद्युत उत्पादक राज्य होने के बावजूद ऊर्जा प्रदेश में बिजली की आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है और विद्युत किमते भी कई राज्यों से अधिक हैं।

7. आपदा प्रबन्धन विभाग के सरकारी आंकडों के अनुसार राज्य में इसी वर्ष बरसात के मौसम में राज्य की 400 से ज्यादा सड़के तीन महीने से भी अधिक समय तक बाधित रही ऐसे में पर्वतीय अंचलों में निवेश कैसे पहुँचेगा?

8. कांग्रेस की सरकारों में किसी भी बाहरी उद्योग घरआने से अनुबन्ध के समय यह करार होता था कि जिस भी प्रयोजन से भूमि आवंटित कराई जाएगी, वह उसी के तहत इस्तेमाल की जाएगी वरना भूमि राज्य सरकार में निहित हो जाएगी।

## संपादकीय

# औद्योगिक विकास की नई सोच

उत्तराखंड में औद्योगिक निवेश के लिहाज से एक नए युग का शुभारंभ होने जा रहा है। बड़े पैमाने पर राज्य में उद्योगों के गठन की संभावना है दिख रही है जिसके लिए देश–विदेश के तमाम कारोबारियों को आमंत्रित किया गया है। राहत की बात यह है कि निवेशक सम्मेलन से पूर्व ही 44000 करोड़ की निवेश ग्राउंडिंग की जा चुकी है जिसका लाभ आने वाले वर्षों में निश्चित तौर पर उत्तराखंड को मिलेगा। उत्तराखंड से विशेष लगाव रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देवभूमि को उद्योगों की दृष्टि से एक संभावनाओं वाला प्रदेश मानते हैं और उन्होंने जिस प्रकार के नए औद्योगिक विकास के विकल्पअपने संबोधन के दौरान दिए वह निश्चित तौर पर यह दर्शाते हैं कि उत्तराखंड मोदी की प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। जहां एक तरफ राज्य सरकार निवेशकों को राज्य में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए यह महाआयोजन कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को "वेड इन डेस्टिनेशन" बनाने का एक नया विकल्प पेश किया जो पूरे देश में अब चर्चाओं में है। यह बात सुनने व देखने में भले ही सामान्य सी लगे लेकिन उत्तराखंड को "वेडिंग डेस्टिनेशन" बनाने का विचार निश्चित तौर पर एक मील का पत्थर साबित हो सकता है जो स्थानीय पहाड़ी लोगों को नए अवसर प्रदान करेगा। उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों स्पष्ट तौर पर यह दर्शाती है कि यहां किसी भी प्रकार का उद्योग स्थापित करना चुनौती पूर्ण तो है लेकिन संभावनाएं बेहद उज्जवल है। उत्तराखंड के पहाड़ों को अभी भी विकसित करने की जरूरत है और इन्हें पर्यटन के साथ–साथ औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से जोड़कर विकास की राह में शामिल किया जा सकता है। विदेश में या फिर हिंदुस्तान के दूसरे बड़े पर्यटन राज्यों में आलीशान शादियां करने के बजाय उत्तराखंड को इस कार्य के लिए चुना जाए तो निश्चित तौर पर यह एक नया अनुभव होगा। प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य में एक बार यदि यह प्रयोग सफल रहा तो फिर उत्तराखंड भी गोवा, मनाली या फिर दूसरे पर्यटन राज्यों की भांति बड़ी शादियों के आयोजन का एक बड़ा स्थल बनेगा। निवेशक सम्मेलन के माध्यम से उत्तराखंड में निवेश के नए अवसर स्थापित होने की उम्मीद बनी हुई है खास तौर से "हाउस आफ हिमालयाज" की तर्ज पर स्थानीय उत्पादों एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों को वैश्विक स्तर पर नया बाजार मिलेगा। निवेशक सम्मेलन की शुरुआत इससे अच्छी भला और क्या होगी कि सम्मेलन से पूर्व ही 44 हज़ार करोड़ के निवेश की ग्राउंडिग का शुभारंभ भी किया गया। निश्चित तौर पर राज्य सरकार के प्रयासों से उत्तर- ाखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट विकसित उत्तराखण्ड की सामूहिक विकासयात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निश्चित तौर पर इस समिट के माध्यम से प्रदेश में आने वाले निवेश से जहाँ एक ओर हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

# कुलपति व उच्च शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय के छात्र संघ प्रतिनिधियों ने श्रीदेव सुमन विवि पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। इस बात से आक्रोशित छात्र संघ प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय गेट पर प्रदर्शन किया और श्रीदेव सुमन विवि कुलपति व शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन विवि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। विश्वविद्यालय में इस समय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। लेकिन विवि प्रशासन लगातार परीक्षा तिथि बदल रहा है, जिसकी सूचना छात्र-छात्राओं तक समय से नहीं पहुंच पा रही है। इस कारण कई छात्र परीक्षा से वंचित रह गये हैं वहीं कई छात्र परीक्षा न होते हुए भी परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। दूसरी और विवि तृतीय सेमेस्टर का कोर्स पूरा न होने के बाद भी 15 दिसंबर से परीक्षा आयोजित कर रहा है, जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। चेतावनी दी कि इस संबंध में विवि द्वारा कोई सकारात्मक कार्रवाई न करने पर आंदोलन तेज किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, तनिष्क डबराल, अजय कुमार, विकास कुमार, संजय सिंह और सुदर्शन सिंह सहित अन्य छात्र शामिल रहे।




राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के प्रवेश द्वार में पुतला दहन करते छात्रसंघ पदाधिकारी व अन्य

# ग्रामीणों ने मनरेगा में भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम गौजटा के ग्रामीणों ने सरकारी सिस्टम पर मनरेगा के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कहा कि शिकायत के बाद भी अधिकारी मामले को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। गौजटा निवासी हिनसा बेगम, दीना देवी, कविता देवी ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि ब्लाक की ओर से मनरेगा द्वारा गौजेटा में सुअर रोधी दीवार/ घेरबाड़ा का निर्माण कर भुगतान किया गया है। जबकि, आरटीआई में मांगी गई सूचना से प्रमाणित हुआ कि गौजटा में किसी भी तरह की कोई भी सुअररोधी दीवार/घेरबाड़ का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। इसी तरह ग्राम बीरी-जमरगढ़ी में भी मनरेगा के तहत सुअररोधी दीवार/घेरबाड़ का निर्माण कार्य दर्शाया गया व भुगतान भी कर दिया गया। जबकि, वास्तव में उक्त दीवार/घेरबाड़ का निर्माण कार्य वन विभाग की ओर से वर्ष 2015-16 में किया गया था। दोनों प्रकरणों में ब्लाक की ओर से पूर्व में निर्मित दीवार/घेराबाड़ को मनरेगा के अंतर्गत दिखा कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है।

वहीं, ग्राम गौजटा में वर्ष 2023-24 में कूड़ेदान का निर्माण का कार्य हुआ, जो पशुओं के पानी पीने के हौज व स्टैंड को तोड़कर बनाया गया है। उक्त कार्य में जो प्रस्ताव पारित हुआ है, उसमें जो ग्रामीणों के हस्ताक्षर दर्शाए गए हैं, वह सभी जाली हैं। प्रस्ताव में किसी भी ग्रामीण की सहमति नहीं ली गई।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की हो सीबीआई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग को लेकर उक्रांद ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार मामले को लेकर लापरवाह बनी हुई है। जबकि, पीड़िता के परिवार जन न्यायय के लिए भटक रहे हैं।

शुक्रवार को कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सिम्मलचौड़ स्थित न्यायालय परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि मामले को एक वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। लेकिन, अब तक पीड़िता के परिवार को न्याया नहीं मिल पाया है। परिवारजन एसआईटी की जांच से संतुष्ट नहीं है। ऐसे में वह लगातार मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठा रहे हैं। बावजूद सरकार लापरवाह बनी हुई है। एसआईटी ने पीड़िता के मोबाइल के सारे रिकार्ड तो न्यायालय में जमा करवा दिए। लेकिन, आरोपितों के मोबाइल के रिकार्ड तक नहीं निकाले। कहा कि मामले के आरोपितों की काल रिकार्ड, चैट व फोटो सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच होनी चाहिए। इस मौके पर जगदीपक सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, पुष्कर सिंह रावत, भारत मोहन काला, विनोद चौधरी, आशुतोष नेगी आदि मौजूद रहे।

# फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि अभियुक्त वीरेंद्र शाह निवासी ग्राम बावनगंज जिला कटिहार, गबिहार दो साल से फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ सतपुली में मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त दो सालों से कोर्ट के समक्ष उपस्थित नही हो रहा था। थाना सतपुली पुलिस द्वारा उसके आवास में भी दबिश दी गई थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने के चलते गिरफ्तारी से बचने हेतु अभियुक्त अपने गांव से फरार हो गया है। जिसे अथक मेहनत व परिश्रम से कार्य करते हुए सर्विलांस की मदद से अभियुक्त के छिपने के संभावित स्थानों पर दबिश देकर उसे बीच रास्ते से ही गिरफ्तार किया गया।

# बीईओ अमित को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड जयहरीखाल के खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद को वर्ष 2020-21 व 2021-22 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नवोन्मेश एवं नवाचार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान की ओर से अंबेडकर भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रदान किया गया।

उनकी इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनके प्रशासनिक कौशल के कारण जिला पौड़ी में विकास खंड जयहरीखाल अव्वल स्थान रखता है। उनको राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना शिक्षक जगत के लिए गर्व का विषय है।



बीईओ अमित को सम्मानित करते सदस्य

वहीं राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई जयहरीखाल के प्रतिनिधियों ने खंड शिक्षा अधिकारी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। कार्यक्रम में संघ के ब्लाक अध्यक्ष सतेंद्र सिंह रावत, ब्लाक मंत्री सुभाष चंद्र, परितोष रावत, अनिल मैंदोला, कुमुद थपलियाल और मनोज रावत सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# श्रेष्ठ नागरिक बनने के बताए गुण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लैंसडौन स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली की ओर से एक दिवसीय जागरूक नागरिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास की भावना और श्रेष्ठ नागरिक बनने के गुणों का विकास करना था।

इस दौरान संस्था के सौरभ बिष्ट ने कहा कि छात्रों में आत्मविश्वास की भावना का होना बेहद जरूरी है। आत्मविश्वासी छात्र ही कल के देश का भविष्य हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण कड़ी प्रतिस्पर्द्धाओं में असफलता मिलती है, इसलिए छात्रो को हर प्रतिस्पर्द्धा में आत्मविश्वास से भरपूर होकर प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में 85 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने संस्था को बच्चों और स्कूल प्रबंधन की ओर से धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं को जीवन में आने वाली असंख्य समस्याओं और उनके निवारण की क्षमता एवं जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रास्ते का जल्द सुधारीकरण कराएं पालिका

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : विकास मार्ग जाने वाले रास्ते की खस्ताहाल स्थिति से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मार्ग के जल्द सुधारीकरण की मांग की है। स्थानीय निवासी एवं सांसद प्रतिनिधि ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द ही विकास मार्ग को जाने वाले रास्ते के सुधारीकरण की मांग उठाई है। नगर पालिका के ईओ को ज्ञापन देते हुए स्थानीय निवासी एवं सांसद प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह रावत ने कहा कि बस स्टेशन से विकास मार्ग को जाने वाला रास्ते में पिछले करीब 6 महीने से रास्ता व नाला खोदने के चलते यहां मलबा बिखरा पड़ा है। जिससे एसजीआरआर पब्लिक स्कूल, शिशु विद्या मंदिर व अन्य स्कूलों के साथ ही विकास मार्ग, विकास भवन को जाने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही रास्ते का सुधारीकरण की करने की मांग उठाई है।

# पूर्व मंत्री के निधन पर जताया शोक

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. मोहन सिंह रावत गांववासी के निधन पर श्रीनगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया।

पर्वतीय विकास शोध केंद्र की ओर से आयोजित शोक सभा में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने ईश्वर से पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिवारजनों को दुःख सहने की प्रार्थना की।

शोक सभा में समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएस पंवार, प्रो. जेपी भट्ट, प्रो. हरिभजन सिंह चौहान, डा. अरविंद दरमोड़ा, समीर रतूड़ी आदि ने डा. गांववासी द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य शिविर में छात्रों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के कलालघाटी स्थित शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कालेज में पीएम श्री कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सभी छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर का आरंभ प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने करते हुए सभी चिकित्सकों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों में सभी छात्राओं को प्रत्येक गतिविधि में प्रतिभाग करने का अवसर मिल रहा है, जो छात्रा हित में अच्छा प्रयास है। तत्पश्चात फिजिशियन डा. राकेश सारंग, ईएनटी स्पेशलिस्ट डा. अलका नेगी व डा. अजय नेगी और दंत रोग विशेषज्ञ डा. वसंत जोशी ने सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष आशा देवी और एसएमडीसी अध्यक्ष रेखा देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाती छात्राएं

# मुस्लिम फंड ने आपदा पीड़ितों को बांटे कंबल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अगस्त माह में आई आपदा के पीड़ितों को मुस्लिम फंड की ओर से कंबल वितरित किए गए। इस दौरान फंड ने जन हित में कार्य करने वाली संस्थाओं से भी लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने लकड़ीपड़ाव, बेहडास्रोत, काशीरामपुर तल्ला, कुंभीचौड़ के प्रभावितों को कंबल वितरित किए। मुस्लिम फंड नजीबाबाद के फाउंडर आईएच जकी ने कहा कि अगस्त माह में आई भीषण आपदा से कई परिवारों के भवन खोह नदी में ढह गए थे, जिससे आज भी यह परिवार किराए के कमरों में रह रहे हैं। ठंड के मौसम में परिवारों को कंबल वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान करीब 90 परिवारों को कंबल दिए गए। बताया कि इससे पूर्व मुस्लिम फंड ने प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद के चेक भी दिए थे। इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद स्वाले, इमरान, एच बिलाल, जाकिर हुसैन, एजाज अहमद आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आपदा प्रभावितों को कंबल वितरित करते भाजपा व कांग्रेस पदाधिकारी

# पूर्व सैनिकों के पुत्रों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल ओमप्रकाश फरस्वाण ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की भर्ती पूर्व प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसैनिक बलों व पुलिस बल में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के कार्यक्रम राज्य सैनिक विश्राम गृह 25-सी, कालीदास मार्ग, हाथीबड़कला देहरादून में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण संख्या 93वें शिविर हेतु पात्रों को चयन किया जायेगा। इच्छुक पूर्व सैनिक, सैनिक विधवाओं के पुत्रों का नाम जिला सैनिक कल्याण को भेज सकते हैं।

## शिक्षक ने किया रक्तदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रथम सीडीएस जनरल विपिन रावत की पुण्यतिथि पर शिक्षक डा. सौरभ मिश्रा ने रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से भी रक्तदान करने की अपील की। कहा कि रक्तदान करने से हम दूसरों के जीवन को बचा सकते हैं।

# फुटबॉल में कोट ने श्रीनगर मैड्रिड को हराया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत शुक्रवार को कंडोलिया मैदान में अंडर-17 बालक वर्ग, अंडर-19 बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर-17 बालक फाइनल मैच में कोट ने श्रीनगर मैड्रिड को पेनाल्टी शूट आउट में 6-5 से हराया।

प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल कोट व श्रीनगर के बीच खेला गया। जिसमें कोट ने श्रीनगर को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमिफाइनल में श्रीनगर मैड्रिड ने जीआईसी पौड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनायी। फाइनल मैच में कोट ने श्रीनगर मैड्रिड को पेनाल्टी शूट आउट में 6-5 से हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में पौडी ए ने खिसू को 4-0 से हराया। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दुगड्डा ने पौडी बी को 4-0 से हराया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार सिह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान गुसांई, ईश्वर रावत, गीता रावत, जगमोहन सिह रावत, दीपक कोहली, शाहरूख अहमद, अमन रावत, भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# बैंक कर्मियों ने किया रक्तदान

श्रीनगर गढ़वाल : एचडीएफसी श्रीनगर शाखा ने मेडिकल कालेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें बैंक के कर्मचारियों और अधिकारियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखपत सिंह भंडारी ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। कहा कि एचडीएफसी की यह पहल सराहनीय है, समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित होने से जरूरतमंद लोगों को समय से रक्त मिल सकेगा। एचडीएफसी श्रीनगर शाखा के बैंक मैनेजर ऋषिपाल सिंह ने कहा कि सामाजिक सहायता करना भी हमारा दायित्व है। इस मौके पर बेस चिकित्सालय ब्लड बैंक के अधिकारी डा. सतीश कुमार, भावना बर्त्वाल, चेतना किशोर, दीपक भट्ट, सुरेंद्र सहित बैंक के धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, उत्तम सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# बार एसोसिएशन: अध्यक्ष के लिए छह प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

ऋषिकेश। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। अब अध्यक्ष पद पर छह प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। चुनाव में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए अब 25 प्रत्याशी मैदान में हैं। शुक्रवार को शैल विहार स्थित विधि भवन में बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया के तहत दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। मुख्य चुनाव अधिकारी चौधरी ओंकार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी दीपक लोहानी और मुकेश कुमार शर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब अधिवक्ता अजय सिंह वर्मा, सुनील नवानी, पंचम सिंह, खुशहाल सिंह कलूड़ा, विपुल शर्मा, भूपेंद्र कुमार शर्मा के बीच सीधी टक्कर होगी। कहा कि उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार कश्यप, शरद सक्सेना और लालमणि रतूड़ी, महासचिव पद पर शैलेंद्र चौहान, मनीष कुमार बिज्लवाण, भूपेंद्र कुमार कुकरेती, राज कौशिक, अजय कुमार ठाकुर और कपिल शर्मा, सहसचिव पद मीनाक्षी नेगी और नरेंद्र सिंह रांगड़, कोषाध्यक्ष पद पर महेश शर्मा, देवेंद्र सेमवाल, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर पूजा बेलवाल, मनीष राजपाल और प्रीति भट्ट, ऑडिटर पद पर प्रमोद कुमार, हरीश कुमार राणा और प्रीति भट्ट चुनाव मैदान में रह गए हैं। कहा कि अब 15 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर ढाई बजे तक मतदान होगा। 18 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा।

## रामलीला शुरू

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित अपर बाजार में शुक्रवार से रामलीला शुरू हुई। सुबह पूजा अर्चना के साथ श्री हनुमान का झंडा स्थापित किया गया। इस दौरान विशेष पूजा अर्चना की गई। अगले ग्यारह दिनों तक होने वाले रामयज्ञ में हर दिन रामलीला में होने वाले विभिन्न संवाद दिखाए जाएंगे। श्री गणेश रामलीला समिति अपर बाजार के अध्यक्ष मनमोहन शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार से पूजा अर्चना के साथ रामलीला की शुरूआत कर दी गई है। (एजेंसी)

## सौ मीटर में राजवीर और सोनाली ने मारी बाजी

टिहरी : राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के खेल मैदान में चल रहे खेल महाकुंभ के तहत अंडर-17 ब्लॉक स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत बालक-बालिका वर्ग में सौ मीटर दौड़ में राजवीर, अभिषेक, अतुल, सोनाली, हीना, समीक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 8 सौ मीटर में सिद्धांत भट्ट, अनिकेत, रोहन तथा 3 हजार मीटर में हिमांशु, सुजल, सागर ने क्रमशः प्रथम, पलेठी तथा आमणी की टीम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।(एजेंसी)

## अफसर समस्याओं का समय पर निस्तारण करें

नई टिहरी : मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने शुक्रवार को विकासखंड जौनपुर के ब्लॉक सभागार थत्यूड़ में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं की भौतिक और वित्तीय कार्यों की समीक्षा की। अफसरों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों व समस्याओं का समय पर निस्तारण करें। विशेष कार्याधिकारी शर्मा ने शासन की घोषणाओं पर भी विभागों की समीक्षा कर घोषणाओं को जल्द पूरा करने को कहा। राजकीय कन्या उच्चतर विद्यालय थान का भी निरीक्षण किया। (एजेंसी)

## खो-खो में श्रीनगर बना विजेता

टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर टिहरी में अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला प्रतियोगिता के फाइनल में श्रीनगर परिसर ने एसआरटी परिसर टिहरी को कड़े मुकाबले में 17-16 से मात दी।

## अनुराग नेगी और वेदांत टाकुली का चयन

चमोली : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम नार्थ-जोन अंतरविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता 2023-24 हेतु कर्णप्रयाग महाविद्यालय से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय का एक विद्यार्थी अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में भी लिया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डा. वीआर अन्थवाल के अनुसार महाविद्यालय के अनुराग नेगी और वेदांत टाकुली को नार्थ-जोन टीम में जगह मिली है। जबकि अमन को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में लिया गया है। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने इस चयन पर खुशी जताते हुए बताया कि महाविद्यालय की वॉलीबाल टीम श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय वालीबॉल फाइनल की उपविजेता टीम भी रही है। यह मैच इस वर्ष 18 नवंबर को अगस्त्यमुनि चमोली में खेला गया था। महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कमी नही है और पूरा विश्वास है कि भविष्य में भी ये विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। (एजेंसी)

## मोटर मार्ग का अपग्रेडेशन का कार्य शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत पैंडुला-अमरोली-कणोली मैखंडी मोटर मार्ग को सही करने का काम शुरू हो गया है। करीब 7.60 करोड़ की लागत से क्षतिग्रस्त पुश्तों का निर्माण, मार्ग का चौड़ीकरण सहित सड़क पर डामर का टॉप कोट भी किया जाएगा। विधायक विनोद कंडारी ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि पीएमजीएसवाई कीर्तिनगर के अंतर्गत 10 किमी लंबे पैंडुला-अमरोली-कणौली मैखंडी मोटर मार्ग के अपग्रेडेशन किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कोरीजेण्डम

विषयः निविदा सूचना संख्या 14-GSU-MB-2023-24 के संबंध में।

अपरिहार्य स्थिति के कारण उपरोक्त निविदा की Pre bid conference दिनांक 12.12.2023 के स्थान पर 14.12.2023 को होगी तथा RFP of PSSA को भी संसोधित किया गया हैं। निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

3859/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धि पत्र

निविदा संख्या 236-DRM-MB-23-24 दिनांक 30.11.2023 के अंतर्गत जो निविदा आमंत्रित की गयी थी उसके schedule में संशोधन किया गया है जिसके कारण अब उक्त निविदा की अनुमानित लागत रू. 3,06,04,241.90 के स्थान पर रू. 3,14,28,813.31 पढ़ी जाये तथा धरोहर राशि रू. 3,03,000/– के स्थान पर रू. 3,07,200/– पढ़ी जाये. निविदा की अन्य नियम व शर्तें एवं निविदा की खुलने की तिथि पूर्ववत रहेंगी।

3860/2023


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आगे बढ़ता उत्तराखण्ड
सुरक्षा, समृद्धि और सुअवसरों की भूमि

DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
8th - 9th December | Dehradun
Peace To Prosperity

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का समापन


पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मुख्य अतिथि
अमित शाह
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता
भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड


दिनांक: 9 दिसम्बर, 2023
समय: अपराह्न 12:30 बजे | स्थान: FRI, देहरादून

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत ₹3 लाख करोड़ से अधिक के समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित।

5,000 से अधिक व्यवसाय प्रतिनिधि एवं विभिन्न देशों के राजदूत करेंगे प्रतिभाग।

₹44,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह।

प्रदेश के सभी क्षेत्रों में 27 से अधिक निवेशक-अनुकूल नीतियां लागू। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन, सब्सिडी और अनुकूल व्यावसायिक वातावरण के जरिए राज्य के निवेश में बढ़ावा।



पंजीकरण करने के लिए यूआरएल पर जाएं www.destinationuttarakhand.co.in/investorsummit/visitors/visitor-register

या क्यूआर कोड स्कैन करें /ukgis2023
टोल फ्री नं० 1800-309-7225

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


## अस्त्र-शस्त्रों के साथ शुरू हुआ पांडवों का नृत्य

रूद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित पुनाड़ पांडव चौक में शुक्रवार को पांडवों ने अस्त्र-शस्त्रों के साथ नृत्य शुरू कर दिया है। ब्राह्मणों ने नियमित पूजा करने के बाद पांडवों के अस्त्र-शस्त्रों की विशेष पूजा अर्चना की। इसके बाद पांडव पश्वाओं ने अस्त्र–शस्त्रों के साथ विभिन्न विधाओं में नृत्य किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। बीते चार दिसम्बर से पुनाड़ पांडव चौक में शुरू हुई पांडव लीला में शुक्रवार को पांडवों के अस्त्र–शस्त्रों का पूजन किया गया। भूमि पूजन के साथ ही स्थानीय देवी देवताओं के आह्वान के साथ पांडव नृत्य शुरू किया गया। इसके बाद श्रीकृष्ण के साथ ही पांच पांडव और द्रौपदी के पश्वा को आंमत्रित किया गया। (एजेंसी)

## नागनी माता ड्योरा यात्रा का किया स्वागत

चमोली : 38 वर्षों के बाद कोट भटियाणा नागनी माता ड्योरा यात्रा शुक्रवार को कौब प्रवास के दौरान ग्राम लेगुना पहुंची। लेगुना के ग्रामीणों ने नागनी माता का भव्य स्वागत किया। वहीं, नागनी माता का लेगुना भूमियाल से भावुक मिलन हुआ। नागनी माता ने भक्तों को आशीष दिया और कौब के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर विशंभर सती, दिवाकर डिमरी, जगत बुटोला, उदय सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## टोलिया बनें जोशीमठ के नए बीईओ

चमोली : खुशाल सिंह टोलिया ने जोशीमठ के खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व संभाल लिया है। वे नारायणबगड़ में एबीओ के पद पर तैनात थे। उन्होंने गुणवत्ता परक शिक्षा का माहौल बनाने को प्राथमिकता बताया। शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षा के स्तर में सुधार पर काम किया जाएगा। इस दौरान जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष रूद्र सिंह राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश थपलियाल, ललिता पाल, नलिन रावत, उमेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## चमोली की क्रिकेट टीम का हुआ चयन

चमोली : पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली की ओर से अंडर-14 बालक वर्ग क्रिकेट टीम का चयन किया गया। जिसमें 15 खिलाड़ियों को जगह दी गई। देवलीबगड़ के खेल मैदान में आयोजित चयन प्रक्रिया में जिले भर के 36 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चयनकर्ता प्रवीण सिंह, सहायक चयनकर्ता देवेंद्र सिंह और मोहन सिंह नेगी ने चमोली जिले की टीम के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन भंडारी, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप भंडारी, जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह बिष्ट, रघुवीर खनेड़ा एवं सूरज रावत भी उपस्थित थे।

## गुलदार ने दो दर्जन बकरियों को निवाला बनाया

उत्तरकाशी : नौगांव ब्लॉक के अंतर्गत दारसौं गांव में गुलदार ने लगभग दो दर्जन बकरियों को मार डाला। जानकती के अनुसार दारसौं गांव निवासी शान्ति प्रसाद थपलियाल पुत्र अम्बादत के छानी में गुरुवार रात को बकरियां बंद कर रखी थी। रात गुलदार ने छानी को तोड़ कर बकरियों पर वार कर और गुलदार ने बकरियों को छानी से भगाया और अलग अलग जगहों पर दो दर्जन से अधिक बकरियों को मार डाला। गुलदार के आतंक से मुंगरसन्ति क्षेत्र में दहशत का माहोल है। गुलदार कई बार पशुओं और स्थानीय लोगों पर भी हमला कर चुका है, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## भवनों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं

उत्तरकाशी : जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने जनपद सभी निकाय-पंचायतों के अधिकारियों के साथ बैठक की। समीक्षा बैठक में डीएम ने पालिकाओं और पंचायतों में भवनों का सर्वेक्षण कर फोटो सहित एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा।


**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com